# ग्रामीण कार्य विभाग
# बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, पटना

पत्रांकः– BRRDA (HQ)-206/2020 – 2658 (अनु0) पटना / दिनांकः– 16.07.2025

प्रेषक,

संजीव कुमार
प्रशासनिक पदाधिकारी,
बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, पटना।

सेवा में,

श्री जितेन्द्र कुमार सिंह,
कार्यपालक अभियंता–सह–नोडल
पदाधिकारी, E-Advertisement
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

**विषय : 09 राजस्व पदाधिकारी के पद पर संविदा आधारित अस्थायी पद पर नियोजन हेतु सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण (BRRDA) अन्तर्गत राजस्व पदाधिकारी (संविदा) के पद पर संविदा के आधार पर अस्थायी 09 पद पर नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है। इसे राज्य के हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों एवं राष्ट्रीय स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाये।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

16.7.25

( संजीव कुमार )
प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

Scanned with OKEN Scanner

# ग्रामीण कार्य विभाग
# बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण

बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण (ब्राडा) के माध्यम से राज्य के प्रत्येक प्रशासनिक प्रमण्डलों में एक–एक राजस्व पदाधिकारी अर्थात कुल 09 राजस्व पदाधिकारी (संविदा) के योजना आधारित अस्थायी पद पर नियोजन हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा बिहार प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत पदाधिकारी/अपर समाहर्ता/DCLR के पद पर 03 वर्षो का कार्य अनुभव वाले सेवा निवृत पदाधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | संख्या | कोटि | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व पदाधिकारी (संविदा) | 09 | अनारक्षित–2<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1<br>अनारक्षित (महिला)–2<br>अनुसूचित जाति–1<br>पिछड़ा वर्ग–1<br>आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग–1<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग (महिला)–1 | भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा बिहार प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत पदाधिकारी/अपर समाहर्ता/DCLR के पद पर 03 वर्षो का कार्य अनुभव वाले सेवा निवृत पदाधिकारी जिन्हें भूमि अधिग्रहण, सतत लीज एवं भू–अर्जन से संबंधित कार्यो का पर्याप्त अनुभव हो। |

**नियोजन की शर्ते निम्नवत् है :–**

1. अनुबंध की प्रारंभिक अवधि 11 माह की होगी जिसे संतोषप्रद कार्य निष्पादन यथा–भूमि विवादों के निपटारे/भू–अर्जन/सतत लीज/भूमि अधिग्रहण संबंधित कार्यो के वास्तविक प्रगति की समीक्षा के आधार पर एक–एक वर्ष के लिए विस्तारित किया जा सकेगा।
2. दिनांक–01.07.2025 को आवेदक का अधिकतम उम्र 64 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
3. आवेदक के विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही अथवा निगरानी की कार्यवाही लंबित नही होनी चाहिए तथा सेवा अवधि के दौरान उन्हें किसी भी आरोप के लिए दंडित नही होना चाहिए।
4. संविदा पर नियोजित सेवा निवृत सरकारी सेवकों के मासिक मानदेय का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–10000 दिनांक–10.07.2015 के आलोक में किया जायेगा।
5. आवेदक से अपेक्षा की जाएगी की माह में कम–से–कम 15 दिनों तक क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न जिलों में जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं (डी0सी0एल0आर0) से समन्वय स्थापित कर सतत लीज पर भूमि अधिग्रहण का निपटारा सुनिश्चित कराएगें। Performance Evaluation Output Based किया जाएगा।
6. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–04.08.2025 के अपराहन 06:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

Scanned with OKEN Scanner

7. आवेदक विहित् प्रपत्र में अंतिम तिथि तक निम्नांकित पते पर आवेदन समर्पित करेंगे। ई–मेल के माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा :–

**अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा**
**बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण (ब्राडा) कार्यालय,**
**बैरक नं0–3, हार्डिंग रोड, हज भवन के नजदीक, पटना–800001**

8. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साइट–rwdbihar.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। आवेदक उक्त विभागीय वेब साइट के सूचना पट्ट से आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते है अथवा किसी भी कार्य दिवस को बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण (ब्राडा) कार्यालय से कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते है।

16/07/25

अपर मुख्य कार्यपालक
पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## पद का नाम :–

Photograph

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. स्थायी पता :– ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
5. वर्तमान पता :– ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
6. कोटि :–
7. सेवा निवृति की तिथि :–
8. सेवा निवृति का समय :–
   i. धारित पद :–
   ii. पदस्थापना वाले कार्यालय का नाम :–
9. अंतिम वेतनमान :–
   i. मूल वेतन :–
   ii. मंहगाई भत्ता :–
   iii. अन्य भत्ता :–
10. आवेदन की तिथि के समय निर्धारित पेंशन:–
    i. मूल पेंशन :–
    ii. मंहगाई भत्ता :–
11. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| सत्र | शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता | बोर्ड / कॉलेज / महाविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Scanned with OKEN Scanner

12. कार्य अवधि के दौरान निष्पादित कार्य दायित्वों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | अवधि | पदस्थापना का कार्यालय | कार्य दायित्व का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

13. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित है? यदि हाँ तो आरोप का विवरण एवं वर्तमान स्थिति :–

14. क्या आवेदक को सेवा अवधि के दौरान किसी आरोप में दंडित किया गया है? यदि हाँ तो दण्ड का कारण एवं दण्ड का परिमाण :–

अनुलंग्नक :–

(क) PPO की छायाप्रति।

(ख) इस आशय का शपथ पत्र कि आवेदक द्वारा दी गयी सूचनाएं सही हैं तथा आवेदक संबंधित पद हेतु आवश्यक अर्हता एवं अनुभव रखते हैं।

(आवेदक का हस्ताक्षर)

स्थान :–

तिथि :–

मोबाईल सं0:–

ई0मेल आई0डी0:–

Scanned with OKEN Scanner